विधान सभा सचिवालय
मध्य प्रदेश
समाचार

विधानसभा का आगामी मानसून सत्र 10 जुलाई के स्थान पर 11 जुलाई से आरंभ होगा

भोपाल दिनांक 6,जुलाई 2023

मध्य प्रदेश की पंचदश विधानसभा का पंचदश सत्र सोमवार दिनांक 10 जुलाई, 2023 के स्थान पर अब मंगलवार दिनांक 11 जुलाई, 2023 से आरंभ होकर शनिवार दिनांक 15 जुलाई, 2023 तक चलेगा। माननीय राज्यपाल के आदेशानुसार इस आशय की पुनरीक्षित अधिसूचना आज मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय ने जारी की है।

विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि 11 जुलाई से प्रारंभ होने पांच दिवसीय सत्र में कुल पांच बैठकें होंगी। सत्र के दौरान शासकीय कार्य संपादित किए जाएंगे।

विस/ जसं/23

नरेंद्र मिश्रा

अवर सचिव